For more job news visit : www.kpscvaani.com

न्यूक्लियर पॉवर कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
NUCLEAR POWER CORPORATION OF INDIA LIMITED
(भारत सरकार का उद्यम A Government of India Enterprise)
मानव संसाधन निदेशालय Directorate of Human Resource
विक्रम साराभाई भवन, Vikram Sarabhai Bhavan,
अणुशक्ति नगर Anushakti Nagar, मुंबई Mumbai-400 094
सी आई एन CIN : U40104MH1987GOI149458
Website : www.npcil.nic.in

सहायक ग्रेड-1 (मा.सं./वित्त एवं लेखा/सं.एवं सा.प्र.) की भर्ती हेतु विस्तृत विज्ञापन

विज्ञापन सं.: एनपीसीआईएल/एचआरएम/2024/03

ऑनलाइन आवेदन जमा करने के लिए ऑनलाइन प्रारंभ होने की तारीख	05/06/2024 from 10:00 hrs
ऑनलाइन आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तारीख	25/06/2024 till 17:00 hrs

भारत सरकार के परमाणु ऊर्जा विभाग के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन कार्यरत न्यूक्लियर पॉवर कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनपीसीआईएल), एक प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम (पीएसयू) है जिसे भारत में न्यूक्लियर रिएक्टरों की न्यूक्लियर प्रौद्योगिकी के समस्त पहलूओं, यथा स्थल चयन, अभिकल्पन, निर्माण, कमीशनिंग, प्रचालन, अनुरक्षण, नवीकरण, आधुनिकीकरण व उन्नयन, संयंत्र आयु-सीमा विस्तार, अपशिष्ट प्रबंधन व डीकमीशनिंग आदि कार्यों की समग्र व समेकित सक्षमता प्राप्त है, द्वारा इन चुनौतीपूर्ण उत्तरदायित्वों में सहभागिता हेतु पात्र भारतीय नागरिकों से निम्नलिखित पदों हेतु ऑनलाइन आवेदन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

1.0 रिक्तियों का विवरण:

1.1 वर्तमान रिक्तियों का पद व श्रेणीवार विवरण :

क्र. सं.	पद का नाम	रिक्तियां	अनारक्षित	ईडब्ल्यूएस	एससी	एसटी	ओबीसी (एनसीएल)	कुल
1.	सहायक ग्रेड-1 (मा.सं.)	वर्तमान	13	02	02	03	09	29
		बैकलॉग	लागू नहीं	लागू नहीं	0	0	0	
2.	सहायक ग्रेड-1(वित्त एवं लेखा)	वर्तमान	08	01	02	01	05	17
		बैकलॉग	लागू नहीं	लागू नहीं	0	0	0	
3.	सहायक ग्रेड-1(सं.एवं सा.प्र.)	वर्तमान	05	01	01	01	04	12
		बैकलॉग	लागू नहीं	लागू नहीं	0	0	0	
		संक्षिप्तियां :	*अना.- अनारक्षित,* *ईडब्ल्यूएस- आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग* एससी - *अनुसूचित जाति* एसटी-*अनुसूचित जन जाति* ओबीसी(एनसीएल)- *अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमी लेयर)* एनए- लागू नहीं					

For more job news visit : www.kpscvaani.com

1.2 सहायक ग्रेड-1 (मा (.प्र.एवं सा.सं/ एवं लेखावित्त/.सं.की इन 58 रिक्तियों में से पीडब्ल्यूबीडी की रिक्तियों का विवरण निम्नानुसार है :

समूह	नि:शक्तता की श्रेणी	पीडब्ल्यूबीडी के लिए आरक्षित रिक्तियों की संख्या	
		वर्तमान रिक्तियां	बैकलॉग रिक्तियां
समूह सी (सहायक ग्रेड-1)	(a)	1	लागू नहीं
	(b)	1	लागू नहीं
	(c)	1	लागू नहीं
	(d) व (e)	0	लागू नहीं

2.0 निर्धारित नि:शक्तता युक्त व्यक्तियों (पीडब्ल्यूबीडी) के लिए आरक्षण

2.1 पीडब्ल्यूबीडी के लिए चिह्नित पदों का विवरण निम्नानुसार है :

ग्रुप	पद	श्रेणी				
		(a)	(b)	(c)	(d)	(e)
सी	सहायक ग्रेड-1 (मा.सं.)	बी, एलवी	डी, एचएच	ओए, बीए, ओएल, ओएएल, एसडी/एसआई(ओए, बीए, ओएल, ओएएल के लिंब डिस्फंक्शन सहित), सीपी, एलसी, डीडब्ल्यू, एएवी, एमडीवाई, एसडी/एसआई किसी संबद्ध न्यूरोलॉजिकल/लिंब डिस्फंक्शन के बगैर	एएसडी, (एम,एमओडी), एसएलडी, एमआई	एमडी
	सहायक ग्रेड-1 (वित्त एवं लेखा)	एलवी	डी, एचएच	ओए, ओएल, ओएएल, बीएल, बीए, एसडी/एसआई (ओए, ओएल, ओएएल, बीएल, बीए के संबद्ध लिंब डिस्फंक्शन सहित), सीपी, एलसी, डीडब्ल्यू, एएवी, एसडी/एसआई किसी संबद्ध न्यूरोलॉजिकल/लिंब डिस्फंक्शन के बगैर	एएसडी, (एम,एमओडी), एसएलडी, एमआई	एमडी
	सहायक ग्रेड-1 (सं.एवं सा.प्र.)	एलवी	डी, एचएच	ओए, बीए, ओएल, ओएएल, एसडी/एसआई (ओए, बीए, ओएल, ओएएल के संबद्ध लिंब डिस्फंक्शन सहित) सीपी, एलसी, डीडब्ल्यू, एएवी, एसडी/एसआई किसी संबद्ध न्यूरोलॉजिकल/लिंब डिस्फंक्शन के बगैर	एएसडी, (एम,एमओडी), एसएलडी, एमआई	एमडी

श्रेणी व प्रयुक्त संक्षिप्तियां

पीडब्ल्यूबीडी	नि:शक्तता	संक्षिप्तियां
(a)	ब्लाइंडनेस या लो विज़न	बी- ब्लाइंड; एलवी- लो विज़न
(b)	डीफ व हार्ड ऑफ हियरिंग	डी- डीफ ; एचएच- हार्ड ऑफ हियरिंग

For more job news visit : www.kpscvaani.com

(c)	लोकोमोटर डिसैबिलिटी जिसमें सेरेबल पाल्सी, लेप्रोसी क्यूर्ड, ड्वारफिस्म, एसिड अटैक विक्टिम व मस्क्युलर डिस्ट्रोफी।	ओए-वन आर्म, ओएल- वन लेग, बीए-बोथ आर्म्स, बीएल-बोथ लेग्स, ओएएल- वन आर्म एण्ड वन लेग, बीएलओए- बोथ लेग एण्ड वन आर्म, बीएलए- बोथ लेग्स आर्म्स, सीपी- सेरेबल पाल्सी, एलसी- लेप्रोसी क्यूर्ड, डीडब्ल्यू- ड्वार्फिस्म, एएवी- एसिड एटैक विक्टिम, एमडीवाई- मस्क्युलर डिस्ट्रोफी, एसडी/एसआई- स्पाइनल डिफारमेटरी/ स्पाइनल इंजरी विदाउट एनी एसोसिएटेड न्यूरोलोजिकल/लिंब डिस्फंक्शन। पर्सन विद एसडी/एसआई विद एसोसिएटेड लिंब डिस्फंक्शन को मामले के अनुसार संबंधित उपवर्ग जैसे ओए, ओएल, बीए, ओएएल, बीएलओए व बीएलए में शामिल किया जाएगा।
(d)	आटिज्म, इंटेलेक्चुअल डिसैबिलिटी एण्ड मेंटल इलनेस।	एएसडी- ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर (एम-माइल्ड, एमओडी- मॉडरेट), आईडी- इंटेलेक्चुअल डिसैबिलिटी, एसएलडी- स्पेसिफिक लर्निंग डिसैबिलिटी, एमआई- मेंटल इलनेस।
(e)	उपर्युक्त खण्ड (ए) से (डी) के अंतर्गत मूक-दृष्टिहीनता सहित मल्टिपिल डिसैबिलिटी वाले व्यक्ति	एमडी- मल्टिपिल डिसैबिलिटी

नोट :

i) निर्धारित नि क्तियों के लिए आरक्षण क्षैतिज है। व्यता युक्तशक्त:निर्धारित नि क्तियों को व्यता युक्तशक्त:सहायक ग्रेड 1-की वर्तमान रिक्तियों में से किसी भी चिह्नित पदों हेतु चयनित किया जाएगा। चयनित निर्धारित नि:शक्तता युक्त व्यक्तियों को संबंधित श्रेणियों अनु.जा./अनु.ज.जा./अ.पि.व(एनसीएल)/ आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग/अनारक्षित(यूआर) की रिक्तियों के आधार पर समायोजित किया जाएगा।

ii) कम से कम 40 % प्रासंगिक नि:शक्तता से ग्रस्त अभ्यर्थी ही शारीरिक नि:शक्तता वाले वर्ग में विचार हेतु पात्र होंगे।

iii) अभ्यर्थियों को शारीरिक नि:शक्तता युक्त व्यक्ति अधिकार अधिनियम, 2017 के प्रावधानों के अनुरूप विहित प्रमाणन प्राधिकारी द्वारा एक नि:शक्तता प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा जिसके बगैर उनके आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

iv) शारीरिक नि:शक्तता युक्त अभ्यर्थियों को लिखित/ऑनलाइन परीक्षा केंद्र व कौशल परीक्षा स्थल पर पहुंचने व बैठने के लिए आवश्यक सहायता प्रदान की जाएगी।

v) लिखित/ऑनलाइन परीक्षा के लिए पीडब्ल्यूबीडी अभ्यर्थियों को भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुरूप स्क्राइब/रीडर/लैब असिस्टेंट उपलब्ध कराया जाएगा। तथापि, भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुरूप स्क्राइब/रीडर/लैब असिस्टेंट की व्यवस्था उन्हें स्वयं करनी चाहिए और अभ्यर्थी को यह सूचना लिखित/ऑनलाइन परीक्षा की तारीख से पहले देनी होगी। साथ ही, लिखित/ऑनलाइन परीक्षा के लिए बुलाए गए पीडब्ल्यूबीडी अभ्यर्थी भारत सरकार के आदेशों के अनुसार अतिरिक्त क्षतिपूर्ति समय के पात्र भी होंगे।

3.0 महत्वपूर्ण तारीखें :

ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ होने की तारीख	**05/06/2024 (1000 Hrs onwards)**
ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तारीख	**25/06/2024 (Till 1700 Hrs)**
आवेदन शुल्क जमा करने की तारीख	**05/06/2024 (1000 hrs.) to 25/06/2024 (1700 hrs.)**

For more job news visit : www.kpscvaani.com

4.0 **आवेदन शुल्क :**

आवेदन शुल्क का भुगतान	केवल सामान्य/आर्थिक रूप से कमजोर/ अन्य पिछड़ा वर्ग के पुरुष अभ्यर्थियों को ही ₹ 100/- की गैर-वापसी योग्य राशि के आवेदन शुल्क का भुगतान करना है। महिला अभ्यिर्थियों, अनु.जा./ज.जा., शारीरिक निशक्तता वाले अभ्यर्थियों, पूर्व सैनिक, युद्धक कार्रवाई में हत रक्षा कर्मियों के आश्रितों (डीओडीपीकेआईए), व एनपीसीआईएल कर्मचारियों को आवेदन शुल्क के भुगतान से छूट प्राप्त है।

5.0 **शैक्षिक योग्यता व अनुभव :**

क्र.सं.	पद का नाम	शैक्षिक योग्यता, अनुभव व अन्य मानदण्ड
1.	सहायक ग्रेड-1 (मा.सं.)	किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 50% अंकों के साथ कोई भी स्नातक डिग्री।
2.	सहायक ग्रेड-1 (वित्त एवं लेखा)	
3.	सहायक ग्रेड-1 (सं.एवं सा.प्र.)	

नोट :

i. योग्यता मानदण्ड के संबंध में न्यूनतम विहित योग्यता आवश्यकता को पूरा किया जाना होगा। न्यूनतम योग्यता से उच्चतर योग्यता सहित कोई अन्य योग्यता, अभ्यर्थी को अयोग्य नहीं करेगी। तथापि, केवल विहित न्यूनतम योग्यता पर ही विचार किया जाएगा।

ii. ऑनलाइन आवेदन जमा करने की आखिरी तारीख तक अभ्यर्थी को अर्हता परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने अर्हता परीक्षा दी है किंतु ऑनलाइन आवेदन जमा करने की आखिरी तारीख तक उनका परीक्षाफल प्रतीक्षित है, पात्र नहीं हैं।

iii. शैक्षिक योग्यता के मामले में, यूजीसी/एआईसीटीई द्वारा अनुमोदित किसी संस्थान के साथ ही साथ उस संस्थान द्वारा अवार्ड की जाने वाली डिग्री भी यूजीसी/एआईसीटीई द्वारा अनुमोदित होनी आवश्यक है।

iv. आंतरिक अभ्यर्थी, आवेदन करने से पहले कृपया विभागीय परिपत्र का संदर्भ लें। एनपीसीआईएल के सेवारत इच्छुक व पात्र अभ्यर्थी, ऑनलाइन आवेदन के पश्चात ऑनलाइन आवेदन का प्रिंट आउट लेकर इसे उचित माध्यम से प्रेषित करें।

v. उपर्युक्त सभी पदों के लिए अभ्यर्थी को वरीयतन, कंप्यूटर में कार्य करने में प्रवीण होना चाहिए तथा विंडोज़, एमएस ऑफिस आदि सॉफ्टवेयर पैकेज की जानकारी होनी चाहिए।

6.0 **वेतन लेवल व अनुमानित मासिक परिलब्धियां :**

पद का नाम	वेतन मैट्रिक्स में वेतन लेवल	वेतन मैट्रिक्स में वेतन	50%की दर से मंहगाई भत्ता (01.01.2024 के अनुसार)	अनुमानित मासिक परिलब्धियां (वेतन + मंहगाई भत्ता)
सहायक ग्रेड-1 (मा.सं.)	लेवल 4	₹25,500/-	₹ 12,750/-	₹ 38,250/-
सहायक ग्रेड-1 (वित्त एवं लेखा)				
सहायक ग्रेड-1 (सं.एवं सा.प्र.)				

डी.ए. # मंहगाई भत्ता, डी.ए. भारत सरकार द्वारा समय-समय पर अधिसूचित दरों पर आधारित है।

For more job news visit : www.kpscvaani.com

उपर्युक्त पदों पर नियुक्त किए जाने वाले व्यक्तियों को एक वर्ष की परिवीक्षा अवधि में रहना होगा और इस परिवीक्षा अवधि को सफलतापूर्वक पूरा करने के उपरांत इस पद पर पुष्टि की जाएगी।

उपर्युक्त परिलब्धियों के साथ ही, विद्यमान नियमों/हकदारी के अनुसार निम्नलिखित भत्ते, प्रोत्साहन व सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी :

ए] भत्ते:

- परिवहन भत्ता
- छुट्टी यात्रा भत्ता
- आवास किराया भत्ता/आवास
- अद्यतन भत्ता (वार्षिक)

बी] कर्मचारी लाभ व आनुषंगी सुविधाएं :

- छुट्टी व छुट्टी नकदीकरण
- स्वयं व आश्रितों के लिए चिकित्सा सुविधा
- संतानों के लिए टाउनशिप के भीतर शिक्षा सुविधा
- संतान शिक्षा सहायता
- केबिल टीवी प्रभारों की प्रतिपूर्ति
- अखबार प्रभारों की प्रतिपूर्ति
- कैंटीन इमदाद

सी] प्रोत्साहन :

- निष्पादन संबद्ध प्रोत्साहन

डी] ऋण एवं अग्रिम:

- ब्याज धारित अग्रिम (भवन निर्माण, सामान्य प्रयोजन हेतु)

ई] सेवानिवृत्ति लाभ/ सामाजिक सुरक्षा योजनाएं :

- कर्मचारी भविष्य निधि
- उपदान राशि
- सीएचएसएस के अंतर्गत सेवा-निवृत्ति पश्च चिकित्सा सुश्रुषा
- हितलाभ निधि
- समूह बीमा

7.0 अधिकतम आयु सीमा में छूट :

7.1 ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की आखिरी तारीख अर्थात 25/06/2024 को आयु:

क्र. सं.	पद का नाम	अंतिम तारीख अर्थात 25/06/2024 को आयु
1	सहायक ग्रेड-1 (एचआर)	21 से 28 वर्ष
2	सहायक ग्रेड-1 (एफ एण्ड ए)	
3	सहायक ग्रेड-1 (सी एण्ड एमएम)	

For more job news visit : www.kpscvaani.com

7.2 **अधिकतम आयु सीमा में छूट :**

क्र. सं.	वर्ग	आयु में छूट
1.	अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति	05 वर्ष
2.	अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमी लेयर)	03 वर्ष
3.	निर्धारित नि:शक्तता युक्त व्यक्ति(पीडब्ल्यूबीडी)- अनारक्षित	10 वर्ष
4.	निर्धारित नि:शक्तता युक्त व्यक्ति(पीडब्ल्यूबीडी)- ईडब्ल्यूएस	10 वर्ष
5.	निर्धारित नि:शक्तता युक्त व्यक्ति(पीडब्ल्यूबीडी)- अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति	15 वर्ष
6.	निर्धारित नि:शक्तता युक्त व्यक्ति(पीडब्ल्यूबीडी)- अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमी लेयर)	13 वर्ष
7.	वर्ष 1984 के दंगों में मारे गए व्यक्तियों के आश्रित (डीईपी 1984)	5 वर्ष
8.	कार्रवाई के दौरान हताहत सैन्यकर्मियों के आश्रित (डीओडीपीकेआईए)	5 वर्ष
9.	पूर्व सैनिक (वास्तविक आयु में से रक्षा सेवा के वर्षों को घटाने के बाद आवेदन जमा करने की आखिरी तारीख को आयु)	3 वर्ष
10	विधवा, तलाकशुदा महिलाएं जो उनके पति से विधिक रूप से अलग हैं और जिन्होंने पुन: विवाह नहीं किया है (केवल तलाक या विधिक रूप से अलग होने की पुष्टि करने के बारे में उपयुक्त न्यायालय से जारी निर्णय/डिक्री की प्रमाणित प्रति प्रस्तुत करने के बाद)	Up to the age of **35** वर्ष
11	विधवा, तलाकशुदा महिलाएं जो उनके पति से विधिक रूप से अलग हैं और जिन्होंने पुन: विवाह नहीं किया है (केवल तलाक या विधिक रूप से अलग होने की पुष्टि करने के बारे में उपयुक्त न्यायालय से जारी निर्णय/डिक्री की प्रमाणित प्रति प्रस्तुत करने के बाद) **(अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति)**	up to the age of **40** वर्ष
12	एनपीसीआईएल में संविदा/नियत समयावधि नियुक्ति आधार पर कार्य अनुभव रखने वाले एनपीसीआईएल कर्मचारियों को विहित आयु सीमा में अनुभव के अनुरूप अधिकतम **05 वर्षों** की अतिरिक्त छूट प्रदान की जाएगी।	

नोट :

i. यदि कोई आवेदक एक से अधिक वर्ग में आयु-छूट का पात्र है तो, उसे समेकित आधार पर आय-छूट दी जाएगी जिसमें अधिकतम 56 वर्ष की आयु-सीमा के अधीन रहते हुए किसी भी एक आयु-छूट वर्ग में आयु-छूट दी जाएगी।

ii. एनपीसीआईएल में कार्यरत ऐसे कर्मचारी जो अन्यथा, इन विहित मानदण्डों को पूरा करते हों, के लिए कोई आयु सीमा नहीं है।

iii. आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों द्वारा अनारक्षित पदों के लिए विहित सभी मानदण्ड पूरा करते हुए अनारक्षित पदों हेतु आवेदन किए जाने की स्थिति में उन्हें इस भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में कोई भी रियायत/छूट प्रदान नहीं की जाएगी।

iv. अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/ अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमी लेयर)/ आर्थिक रूप से कमजोर/निर्धारित नि:शक्तता युक्त अभ्यर्थियों को भारत सरकार द्वारा विहित प्रारूप में जाति/वर्ग / आय/परिसंपत्ति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा।

v. आर्थिक रूप से कमजोर/अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/ अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमी लेयर)/नि:शक्तता युक्त अभ्यर्थियों को भारत सरकार द्वारा समय-समय पर जारी आदेशों के अनुसार छूट व रियायतें दी जाएंगी ।

vi. शारीरिक नि:शक्तता युक्त अभ्यर्थियों आयु में छूट उपलब्ध रहेगी भले ही पद शारीरिक नि:शक्तता युक्त अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित हो या न हो, बशर्ते कि उस पद को नि:शक्तता के प्रासंगिक वर्ग के लिए चिह्नित किया गया हो।

For more job news visit : www.kpscvaani.com

vii. अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन भरते समय, उनके वर्ग के अनुरूप 'क्रीमी लेयर' अथवा 'गैर क्रीमी लेयर' संबंधी सूचना देनी होगी। 'क्रीमी लेयर' के अभ्यर्थियों को अन्य पिछड़ा वर्ग के 'गैर क्रीमी लेयर' अभ्यर्थियों को दी जाने वाली छूट का अधिकार नहीं होगा। अन्य पिछड़ा वर्ग के 'गैर क्रीमी लेयर' अभ्यर्थियों को भारत सरकार द्वार विहित प्रपत्र में सक्षम प्राधिकारी का **दिनांक 01.04.2024 या उससे बाद की तारीख** को जारी किया गया यथावश्यक प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा।

ओबीसी नॉन क्रीमी लेयर की विशिष्ट तारीख के परिनिर्धारण के लिए कौशल परीक्षा/दस्तावेज सत्यापन से पहले की तारीख मानी जाएगी। साथ ही, अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को यदि कौशल परीक्षा/दस्तावेज सत्यापन के लिए बुलाया जाता है तो उन्हें कौशल परीक्षा/दस्तावेज सत्यापन के लिए रिपोर्ट करते समय एक घोषणा देनी होगी कि वे अन्य पिछड़ा वर्ग के 'गैर क्रीमी लेयर' वर्ग से संबंधित हैं।

viii. ईडब्ल्यूएस आवेदकों को, भारत सरकार द्वारा विहित प्रारूप में सक्षम प्राधिकारी द्वारा वर्ष 2024-25 तक के लिए वैधीकृत आय व परिसंपत्ति प्रमाणपत्र (आई एण्ड एसी) प्रस्तुत करना होगा। इस विज्ञापन के लिए कौशल परीक्षा/दस्तावेज सत्यापन की तारीख से पहले की तारीख को ईडब्ल्यूएस स्थिति को केवल आरक्षण लाभों, यदि कोई हों तो केवल उनके लिए ही विचार किया जाएगा। विहित प्रारूप को www.npcilcareers.co.in. से डाउनलोड किया जा सकता है।

8.0 **तैनाती का स्थान :**

इस विज्ञापन के आधार पर चयनित अभ्यर्थियों को एनपीसीआईएल, मुख्यालय मुंबई में तैनात किया जाएगा। तथापि, निगम के हितों के अनुसार उन्हें, यथावश्यक भारत में किसी भी स्थान पर अन्य इकाइयों/स्थलों को स्थानांतरित किया जा सकता है।

9.0 **चयन प्रक्रिया :**

सहायक ग्रेड-1 (मा एवं.सं/ एवं लेखावित्त/.सं.सा(.प्र.

अभ्यर्थियों का चयन निम्नलिखित आधार पर किया जाएगा :-

1. लिखित परीक्षा
2. पीसी पर टाइपिंग परीक्षा
3. कंप्यूटर प्रवीणता परीक्षा

1. लिखित परीक्षा दो चरणों में आयोजित की जाएगी:
   चरण-। प्राथमिक परीक्षा एवं
   चरण-2 प्रगत परीक्षा

चरण-1 (प्राथमिक परीक्षा) :

1. यह एक स्क्रीनिग परीक्षा होगी जिसका आयोजन अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट करने के लिए किया जाएगा। स्क्रीनिंग परीक्षा का प्रारूप सभी गैर-तकनीकी कैडरों के लिए एक-समान होगा। भर्ती नियमों के अनुसार न्यूनतम शैक्षिक योग्यता स्नातक होने के आधार पर प्रश्न स्नातक स्तर के होंगे।
2. परीक्षा में निम्नलिखित अनुपात में बहुविकल्पीय चयन (चार उत्तरों में से चयन) वाले कुल 50 प्रश्न होंगे:

सामान्य ज्ञान व ताजा जानकारी	–25 Questions
कंप्यूटर ज्ञान	–15 Questions
अंग्रेजी	– 10 Questions

For more job news visit : www.kpscvaani.com

3. यह परीक्षा एक होंगे। 150 घंटे की अवधि की होगी और कुल अंक (01)
4. प्रत्येक सही उत्तर के लिए 03(तीन) अंक दिए जाएंगे और गलत उत्तर के लिए 01(एक) अंक काटा जाएगा।
5. ये परीक्षाएं, लॉजिस्टिक आवश्यकताओं के अनुसार एक या अनेक सत्रों में आयोजित की जाएंगी।
6. उत्तीर्णता मानक : उत्तीर्णता मानक निम्नानुसार होंगे :

   सामान्य वर्ग (अना.) – 40% marks;
   एससी/एसटी/ओबीसी(एनसीएल)/ईडब्ल्यूएस/पीडब्ल्यूबीडी – 30% marks.

   तदनुसार, सामान्य श्रेणी के 40% से कम अंक पाने वाले तथा एससी/एसटी/ओबीसी(एनसीएल)/ ईडब्ल्यूएस/ पीडब्ल्यूबीडी श्रेणी के 30% से कम अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी चरण-2 के लिए स्क्रीन्ड आउट हो जाएंगे।

चरण-2 (प्रगत परीक्षा) :

1. चरण-1 में भाग लेने वाले सभी अभ्यर्थी चरण-2 (प्रगत परीक्षा) में भाग लेंगे। यह परीक्षा 02 (दो) घंटे अवधि की होगी और अधिकतम अंक 150 होंगे।
2. इस परीक्षा में निम्नलिखित विषयवस्तु से संबंधित 50 बहुविकल्पीय (चार उत्तरों में से चयन) प्रश्न होंगे:

   क्वांटिटेटिव एप्टीट्यूड – 25 questions
   क्रिटिकल रीज़निंग – 25 questions

3. प्रत्येक सही उत्तर के लिए 03(तीन) अंक दिए जाएंगे और गलत उत्तर के लिए 01(एक) अंक काटा जाएगा।
4. अर्हता मानक : अर्हता मानक निम्नानुसार होंगे:

   सामान्य श्रेणी (अनारक्षित) – 30% marks;
   एससी/एसटी/ओबीसी(एनसीएल)/ईडब्ल्यूएस/पीडब्ल्यूबीडी – 20% marks.

   तदनुसार, सामान्य श्रेणी के 30% से कम अंक पाने वाले तथा एससी/एसटी/ओबीसी(एनसीएल)/ ईडब्ल्यूएस/पीडब्ल्यूबीडी श्रेणी के 20% से कम अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी चरण-3 के लिए स्क्रीन्ड आउट हो जाएंगे।
5. चरण-2 के पश्चात केवल चरण-2 में प्राप्त अंकों के आधार पर मेरिट लिस्ट तैयार की जाएगी।
6. समान अंक होने की स्थिति में, मेरिट लिस्ट में स्थान निर्धारण हेतु निम्नलिखित मानदण्ड अपनाए जाएंगे:
   - चरण-2 में प्राप्त कम निगेटिव अंकों वाले अभ्यर्थी को मेरिट लिस्ट में ऊपर रखा जाएगा।
   - चरण-1 में अधिक अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी को मेरिट लिस्ट में ऊपर रखा जाएगा।
   - चरण-1 में कम निगेटिव अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी को मेरिट लिस्ट में ऊपर रखा जाएगा।
   - अभ्यर्थियों की जन्मतिथि (अधिक आयु वाले अभ्यर्थियों को मेरिट लिस्ट में ऊपर रखा जाएगा)
7. प्राथमिक व प्रगत परीक्षाएं एक ही दिन में आयोजित की जाएंगी और यथावश्यक 30 से 120 मिनट तक का अंतराल दिया जाएगा। इस अंतराल के दौरान अभ्यर्थी को परीक्षा केंद्र से बाहर जाने की अनुमति नहीं होगी।

   चरण-2 परीक्षा का मूल्यांकन केवल तभी किया जाएगा जब कि अभ्यर्थी ने चरण-1 की परीक्षा उत्तीर्ण कर ली हो।

   चरण-2 के आधार पर तैयार की गई मेरिट लिस्ट के अनुसार अभ्यर्थियों को कौशल परीक्षा हेतु शार्टलिस्ट किया जाएगा। कौशल परीक्षा के लिए शार्टलिस्ट किए जानरे वाले अभ्यर्थियों की संख्या लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की संख्या पर निर्भर करेगी किंतु यह संख्या प्रत्येक पद व वर्ग की रिक्तियों की संख्या के 5 गुणे से

For more job news visit : www.kpscvaani.com

अधिक नहीं होगी। यदि लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की संख्या प्रत्येक पद व वर्ग की रिक्तियों की संख्या की 5 गुनी संख्या से कम होती है तो सभी उत्तीर्ण व पात्र अभ्यर्थियों को कौशल परीक्षा के लिए बुलाया जाएगा।

यदि शार्ट लिस्टिंग के दौरान समान क़टआफ अंको वाले एक से अधिक अभ्यर्थी हों तो ऐसे सभी अभ्यर्थियों को कौशल परीक्षा हेतु शार्टलिस्ट किया जाएगा।

चरण-3 (कौशल परीक्षा) :

i) नीचे दिए गए (a) की प्रक्रिया के अनुसार पर्सनल कंप्यूटर पर टाइपराइटिंग परीक्षा।
एवं
ii) नीचे दिए गए (b) की प्रक्रिया के अनुसार पर्सनल कंप्यूटर पर कंप्यूटर प्रवीणता परीक्षा।

(a) पर्सनल कंप्यूटर पर टाइपिंग प्रवीणता परीक्षा आयोजित करने की प्रक्रिया

1. अभ्यर्थियों को अंग्रेजी भाषा के कम से कम 300 शब्दों युक्त छपा हुआ अवतरण जारी किया जाएगा। जिन्हें हिंदी भाषा में टाइपिंग परीक्षा देनी हो, उन्हें भी हिंदी भाषा के कम से कम 300 शब्दों युक्त छपा हुआ अवतरण जारी किया जाएगा।

2. परीक्षा की अवधि 10 मिनट की होगी जो नीचे दिए गए पैरा (3) की शर्तों के अधीन होगी। अभ्यर्थियों को इस दिए गए अवतरण को कंप्यूटर पर वर्ड-प्रोसेसिंग सॉफ्टवेयर में 30 शब्द प्रति मिनट की गति से अंग्रेजी में अथवा 30 शब्द प्रति मिनट की गति से हिंदी मे कुल 10 मिनट के भीतर टाइप करना होगा।

3. अभ्यर्थियों को इस टाइप किए गए अवतरण को, आपूर्त किए गए हैंडआउट में दिए गए तरीके से फार्मेट करने तथा इसका प्रिंटआउट लेने के लिए 05 अतिरिक्त मिनट दिए जाएंगे। फार्मेटिंग की निम्नलिखित विशिष्टताओं का परीक्षण किया जाएगा:-

पैराग्राफों की इंडेंटिंग	अलग फोन्ट साइज का प्रयोग
सेलेक्टेड टेक्स्ट को बोल्ड में	पैराग्राफ की संख्या इंसर्ट करना
अंडरलाइन	सेंटर, लेफ्ट, राइट जस्टीफिकेशन
इटैलिक्स	लेफ्ट/राइट मार्जिन
अलग फोन्ट साइज का प्रयोग	पैसेज की लाइन स्पेसिंग जैसे सिंगल, डबल

4. यदि अभ्यर्थियों ने अवतरण को समय से पहले टाइप कर लिया हो तो इस निर्धारित 10 मिनट के भीतर एडिटिंग टूल्स का प्रयोग करते हुए अवतरण की गलतियों को सुधारने पर कोई रोक नहीं है।

5. स्पीड, एक्यूरेसी व मिस्टेक का मूल्यांकन निम्नानुसार किया जाएगा :-

(a) एक शब्द छूट जाने/अधिक हो जाने पर एक अंक काटा जाएगा। यदि अभ्यर्थी पूरा अवतरण टाइप नहीं कर पाता है तो छूटे हुए शब्दों की गिनती की जाएगी और प्रत्येक छूटे हुए शब्द के लिए एक अक काटा जाएगा।
(b) वर्तनी की प्रत्येक गलती के लिए एक अंक काटा जाएगा।
(c) फार्मेटिंग के लिए कुल 10 अंक हैं और जैसा कि ऊपर तालिका में बताया जा चुका है कि पैराग्राफ में कुल 10 विशिष्टताएं होंगी। यदि अभ्यर्थी, नमूने के अनुसार फार्मेटिंग करते हैं तो प्रत्येक विशिष्टता के लिए एक अंक दिया जाएगा। अन्यथा, कोई अंक नहीं दिया जाएगा। अर्हता प्राप्त करने के लिए फार्मेटिंग विशिष्टताओं के कुल 10 अंकों में अभ्यर्थी को कम से कम 06 अंक प्राप्त करना चाहिए।

For more job news visit : www.kpscvaani.com

(d) इस परीक्षा में उत्तीर्ण होने के लिए अभ्यर्थी को फार्मेटिंग विशिष्टताओं के कुल 10 अंक में से कम से कम 06 अंक तथा अंग्रेजी में 30 शब्द प्रति मिनट की गति या हिंदी का विकल्प चुनने वाले अभ्यर्थियों को हिंदी में 30 शब्द प्रति मिनट की गति से टाइप करना होगा।

6. अवतरण के शब्दों की कुल संख्या के केवल 3% शब्दों की गलतियां अनुमन्य होंगी। यदि ये गलतियां 3% से अधिक होती हैं तो अभ्यर्थी को टाइपिंग प्रवीणता परीक्षा में अनुत्तीर्ण माना जाएगा।

(b) कंप्यूटर प्रवीणता परीक्षा आयोजित करने की प्रक्रिया

कंप्यूटर प्रवीणता परीक्षा का अभिकल्पन अभ्यर्थी की, एमएस विन्डोज़ ऑपरेटिंग सिस्टम व डेस्क टॉप एप्लीकेशन्स जैसे एमएस ऑफिस (वर्ड, एक्सेल, एक्सेस, पॉवर प्वाइंट), ई-मेल प्रबंधन व इंटरनेट सर्फिंग में प्रवीणता परीक्षण के अनुरूप किया जाएगा।

तदनुसार, एक परीक्षा प्रश्नपत्र जिसके दो भाग होंगे अर्थात, भाग-1- वर्ड, एक्सेल, एक्सेस, पॉवर प्वाइंट के लिए तथा भाग-2 - ई-मेल प्रबंधन व इंटरनेट सर्फिंग में छह प्रश्न होंगे, उपलब्ध कराया जाएगा। प्रत्येक भाग की 30 मिनट समयावधि यह परीक्षा कुल 100 अंकों की होगी।

भाग-1 में चार (04) प्रश्न होंगे और प्रत्येक प्रश्न के लिए 20 अंक आबंटित हैं तथा भाग-2 में दो (02) प्रश्न होंगे और प्रत्येक प्रश्न 10 अंकों का होगा।

50% या इससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थीगण योग्य (गो) घोषित किए जाएंगे तथा 50% से कम अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को अयोग्य (नो गो) घोषित किया जाएगा।

कौशल परीक्षा, अर्हता प्रकार की परीक्षा है और यह केवल गो (योग्य)/नो गो (अयोग्य) पर आधारित है।

10.0 प्रतीक्षा सूची का प्रचालन

10.1 प्रतीक्षा सूची, विभिन्न पदों व श्रेणियों की मुख्य सूची में चयनित अभ्यर्थियों की संख्या के बराबर संख्या तक सीमित की जाएगी और यह, पैनल अनुमोदित किए जाने की तारीख से एक वर्ष की अवधि के लिए वैध होगी।

10.2 यह प्रतीक्षा सूची केवल उसी स्थिति में प्रचालित की जाएगी जबकि चयन सूची में चयनित कोई अभ्यर्थी, इस पद पर कार्यभार ग्रहण हेतु विहित अनुमन्य अवधि में कार्यभार ग्रहण नहीं करता है या अभ्यर्थी कार्यभार ग्रहण करता है किंतु कार्यभार ग्रहण करने की तारीख से एक वर्ष की अवधि में त्यागपत्र दे देता है अथवा उसका निधन हो जाता है और इस समय तक कोई नया पैनल उपलब्ध नहीं होता है। प्रतीक्षा सूची, पैनल के अनुमोदन की तारीख अथवा ऐसी किसी भर्ती की अधिसूचना जारी किए जाने, इनमें से जो भी पहले हो, से एक वर्ष की अवधि के बाद प्रचालित नहीं की जाएगी।

11.0 यात्रा भत्ता (टीए) की प्रतिपूर्ति निम्नानुसार की जाएगी :

लिखित परीक्षा हेतु बुलाए गए अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के ऐसे अभ्यर्थियों, जो केंद्रीय/राज्य सरकार/सार्वजनिक क्षेत्र संगठन/स्थानीय शासन/पंचायत में नियुक्त नहीं हैं, को यात्रा के मूल टिकट तथा उनके समुदाय की प्रमाणपत्र प्रति प्रस्तुत करने पर द्वितीय श्रेणी का रेल किराया या सामान्य श्रेणी के बस किराए का भुगतान करना होगा। तथापि, टिकट प्रस्तुत करने पर यह प्रतिपूर्ति उन्हीं को की जाएगी जो 30 किमी से अधिक की दूरी से आए हों। टीए की प्रतिपूर्ति के रूप में दी जाने वाली राशि अभ्यर्थियों के बैंक खाते में इलेक्ट्रानिक रीति से डाली जाएगी। तदनुसार, लिखित परीक्षा के लिए बुलाए गए व पात्र एससी/एसटी अभ्यर्थियों को उनके बैंक खाते संबंधी विवरण, उपलब्ध कराए गए विहित प्रारूप में प्रस्तुत करना होगा।

For more job news visit : www.kpscvaani.com

12.0 **चरण-3 कौशल परीक्षा के समय मूल दस्तावेजों का सत्यापन :**

चरण-3 कौशल परीक्षा के समय निम्नलिखित मूल दस्तावेजों का सत्यापन किया जाएगा। **मूल दस्तावेज प्रस्तुत न कर पाने वाले अभ्यर्थियों को कौशल परीक्षा में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।**

a. ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र का प्रिंटआउट.

b. जन्मतिथि साक्ष्य :

I. कक्षा 10 उत्तीर्ण होने का वह अंक-पत्र जिसमें जन्मतिथि अंकित हो।
अथवा

II. विद्यालय छोड़ने का प्रमाणपत्र-

c. **योग्यता :**

i. निर्धारित शैक्षिक योग्यता के समर्थन में प्रत्येक वर्ष/सेमेस्टर के लिए सभी प्रमाणपत्रअंकपत्र/।

ii. संबंधित प्राधिकारी द्वारा संस्थान व पाठ्यक्रम के अनुमोदन/मान्यता के समर्थन में अभ्यर्थियों को प्रधानाचर्य/डी का प्रासंगिक प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा।

iii. सीजीपीए प्रणाली के अंतर्गत जिन अभ्यर्थियों को ग्रेड प्रदान किए गए हैं उन्हें सीजीपीए ग्रेड को उक्त पद के लिए विज्ञापन में उल्लिखित आवश्यकता को पूरा करने वाले उपयुक्त प्रतिशत में बदले जाने का विश्वविद्यालय लाना होगान द्वारा जारी साक्ष्यसंस्था/।

d. प्रासंगिक अनुभव प्रमाणपत्रों (जहां कहीं लागू हो) में अवधि व अनुभव का प्रकार स्पष्ट रूप से दर्ज होना चाहिए।

e. केंद्रीय/राज्य सरकार/ सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों/ सहायता प्राप्त संस्थानों में कार्यरत आवेदकों को अपने संगठन से **''अनापत्ति प्रमाणपत्र''** लाना होगा। इसके बगैर उन्हें चरण-3 कौशल परीक्षा में भाग लेने के अनुमति नहीं दी जाएगी।

f. आवेदक ने यदि उनका नाम परिवर्तित किया हो तो उन्हें नाम परिवर्तन संबंधी गजट अधिसूचनाप्रमाणपत्र / त करना होगा ।प्रस्तु

g. शारीरिक नि:शक्तता वाले आवेदकों के संदर्भ में प्रमाणन प्राधिकारी द्वारा जारी नि:शक्तता प्रमाणपत्र।

h. पूर्व सैनिक के मामले में प्रमाणपत्र- सेवा मुक्ति प्रमाणपत्र (यदि लागू हो तो)।

i. कार्रवाई के दौरान हताहत रक्षा सेवाकर्मियों के आश्रित (डीओडीपीकेआईए) होने के समर्थन में प्रमाणपत्र यदि) (लागू हो तो।

j. विधवा, तलाकशुदा महिलाओं व विधिक रूप से पति से पृथक ऐसी महिलाएं जिन्होंने पुन: विवाह नहीं किया है, के मामले में तलाक व विधिक रूप से अलग होने संबंधी तथ्य को साबित करने के लिए निर्णय की प्रमाणित प्रति/उपयुक्त न्यायालय की डिक्री।

For more job news visit : www.kpscvaani.com

k. **जाति/वर्ग/आय व परिसंपत्ति प्रमाणपत्र :**

i. आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग/अनुसूचित जाति/जनजाति व अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमी लेयर) के आवेदकों को भारत सरकार द्वारा विहित प्रारूप में जाति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

ii. यदि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग/अनु.जा./अनु.जन./अ.पि.व.वर्ग (गैर क्रीमी लेयर)/ पीडब्ल्यूबीडी प्रमाणपत्र अंग्रेजी/हिंदी के अलावा किसी अन्य भाषा में जारी किया गया है, तो अभ्यर्थियों को अंग्रेजी अथवा हिंदी में उसकी स्व-प्रमाणित अनुवादित प्रति प्रस्तुत करनी होगी।

13.0 **चिकित्सीय स्वस्थता** :

चयनित अभ्यर्थी की नियुक्ति, अभ्यर्थी को एनपीसीआईएल के प्राधिकृत चिकित्सा अधिकारी द्वारा स्वस्थ्य पाए जाने पर निर्भर होगी।

14.0 **आवेदन कैसे करें** :

पात्र आवेदक, एनपीसीआईएल की ऑनलाइन पंजीकरण प्रणाली के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। किसी अन्य प्रारूप, जिसमें हस्तलिखित/टाइप किए हुए आवेदन शामिल हैं, व्यक्तिगत या किसी अन्य माध्यम से प्रस्तुत किए गए आवेदनों को स्वीकार नहीं किया जाएगा। **कृपया किसी भी दस्तावेज/आवेदन प्रपत्र आदि एनपीसीआईएल को प्रेषित न करें।**

a. अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि आवेदन करने से पहले अर्हता मानदण्ड को पढ़ लें व सुनिश्चित कर लें कि वे इन मानदण्डों को पूरा करते हों।

b. अभ्यर्थी को केवल वेबसाइट www.npcilcareers.co.in पर दिए गए ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र के माध्यम से ही आवेदन करना है।

c. वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र दिनांक **05/06/2024** को प्रात: **10:00** बजे से दिनांक **25/06/2024** को सायं **17:00** तक उपलब्ध रहेगा।

d. ऑन-लाइन आवेदन प्रक्रिया को पूर्ण करने तथा आवेदन संख्या प्राप्त करने के लिए सभी विवरण, जैसे पात्रता डिग्री विवरण, अनुभव विवरण (यदि कोई हो), अंकों का प्रतिशत, ई-मेल का पता, मोबाइल नंबर, पत्राचार हेतु पता, स्कैन किए फोटोग्रॉफ की सॉफ्ट प्रति व हस्ताक्षर (जेपीईजी) आदि आवश्यक है। अत:, आवेदकों को सलाह दी जाती है कि ऑन-लाइन आवेदन भरने से पहले कृपया इन सूचनाओं को तैयार रखें।

e. ऑन-लाइन आवेदन करने से पहले **जेपीईजी फार्मेट में अधिकतम अधिकतम) केबी 50 480 x 640 पिक्सल (व न्यूनतम 10 केबी (न्यूनतम 180 x 240 पिक्सल) में में तथा अपने हस्ताक्षर को भी जेपीईजी फार्मेट में अधिकतम अधिकतम) केबी 20 160 x 560 पिक्सल(व न्यूनतम 80 x 100 पिक्सल में** स्कैन कर लेना चाहिए। अपलोड की गई इस फोटो को बुलावा पत्र पर छापा जाएगा और केवल जिन अभ्यर्थियों के फोटो बुलावा पत्र पर छपे होंगे, उन्हें ही ऑनलाइन परीक्षा/ कौशल परीक्षा में भाग लेने की अनुमति दी जाएगी यदि बुलाया जाता) है तो)।

f. अभ्यर्थीगण कृपया अपना वैध एवं कार्यशील ई-मेल पता दर्ज करें क्योंकि सभी महत्वपूर्ण पत्राचार इसी ई-मेल पते से किए जाएंगे। अभ्यर्थियों के मोबाइल यदि कार्यशील होंगे तो उन्हें एसएमएस भी भेजे जाएंगे। यदि अभ्यर्थी द्वारा पंजीकृत मोबाईल संख्या टीआरएआई एनसीपीआर सूची (जिसे पहले डीएनडी कहा जाता था) में दर्ज होंगे तो अभ्यर्थियों को पंजीकरण से संबंधित एसएमएस अलर्ट नहीं मिल पाएंगे। यदि अभ्यर्थी को एनपीसीआईएल से

For more job news visit : www.kpscvaani.com

एसएमएस अलर्ट चाहिए हों तो कृपया सर्विस प्रदाता से अपने मोबाइल नंबर को एनसीपीआर सूची से हटाने के लिए अनुरोध करें

g. **ऑन-लाइन पंजीकरण प्रक्रिया में निम्नलिखित चरण हैं:**

चरण 1- पंजीकरण के लिए ऊपरऑनलाइन पंजीकरण के लिए आवेदन पर क्लिक करें। - बाईं ओर/ अभ्यर्थी को सभी मौलिक जानकारियां जैसे, पूरा नाम, जन्मतिथि-, वर्ग, ईमेल का पता-, मोबाइल नंबर। इस चरण को सफलतापूर्वक पूरा करने के उपरांत, एक एक्टिवेशन लिंक जेनेरेट/एलॉट हो जाएगा और अभ्यर्थी की पंजीकृत ई मेल आईडी पर भेज दिया जाएगा-Step 1.

चरण-2 अभ्यर्थी को पहले चरण में पंजीकरण करने के उपरांत ईमेल के माध्यम से प्राप्त एक्टिवेशन लिंक को क्लिक कर अपना एकाउंट एक्टीवेट करना होगा।

चरण-3 इस एक्टिवेशन को सफलतापूर्वक पूर्ण करने के पश्चात, अभ्यर्थी ऑन-लाइन आवेदन के लिए अपने लॉग-इन आईडी व पासवर्ड का प्रयोग कर लॉगइन कर सकते हैं। इस चरण में अभ्यर्थी को अपने सभी विवरण जैसे शैक्षिक योग्यताएं, कार्य अनुभव आदि भरने होंगे।

यह एक बहु-चरण प्रक्रिया है जिसमें आवेदक को पहले चरण की सूचनाएं भरने के बाद ही अगले चरण में जाने की अनुमति होती है। इन चरणों का क्रम निम्नानुसार है:

a. शैक्षिक योग्यताएं
b. शैक्षिक योग्यता पश्च कार्य अनुभव, यदि कोई हो।
c. व्यक्तिगत विवरण
d. फोटो व हस्ताक्षर अपलोड करना
e. एप्लीकेशन सबमिट करना।

उपर्युक्त चरणों के लिए लिंक अप्लाई ऑन-लाइन मीनू (अप्लाई – अप्लाई ऑनलाइन) पर उपलब्ध हैं। आवेदक को 'एजूकेशनल क्वालीफिकेशन्स' वाले लिंक पर क्लिक कर इसे शुरू करना चाहिए। यह जानकारी सेव हो जाने के बाद अगला चरण जैसे शैक्षिक योग्यता पश्च कार्य अनुभव सूचनाएं भरने हेतु उपलब्ध हो जाएगा।

इस चरण से संबंधित सभी सूचनाएं भरने के बाद, आवेदक, इस प्रपत्र के सबसे नीचे की ओर दिए गए ''सेव ऐण्ड प्रोसीड टु नेक्स्ट स्टेप'' विकल्प का उपयोग कर सकते हैं। इससे वर्तमान में भरी जा चुकी सूचनाएं सेव हो जाएंगी और अगले चरण में सूचनाएं भरने हेतु विकल्प खुल जाएगा। अगले चरण को भरने के लिए भी अप्लाई ऑन-लाइन मीनू (अप्लाई – अप्लाई ऑनलाइन) का प्रयोग किया जा सकता है।

इस सूचना को किसी भी चरण में आवेदन को, ''सेव ऐण्ड प्रोसीड टु नेक्स्ट स्टेप'' का उपयोग करते हुए सेव किया जा सकता है।

जब आवेदक '' सबमिट एप्लीकेशन'' के चरण में पहुंच जाता है, आवेदक द्वारा भरी गई सभी जानकारी एक ड्राफ्ट के रूप में दिखाई देगी। यहां पर आवेदक को पहले के चरणों में भरी गई जानकारी में संशोधन की अनुमति होती है।

यदि आवेदक को विश्वास है कि उसके द्वारा भरी गई सभी जानकारी सही है तो, वह इस एप्लीकेशन, को ''सबमिट एप्लीकेशन'' बटन दबाकर आवेदन सबमिट कर सकते हैं। कृपया नोट करें कि, एक बार एप्लीकेशन को ''सबमिट एप्लीकेशन'' बटन दबाकर सबमिट किए जाने के बाद, आवेदक को किसी भी प्रकार के संशोधन करने की अनुमति नहीं होगी। एप्लीकेशन को सबमिट किए जाने के बाद जिन आवेदकों को आवेदन शुल्क का भुगतान नहीं करना है,

For more job news visit : www.kpscvaani.com

उनके लिए एक पंजीकरण संख्या तैयार हो जाएगी। जिन आवेदकों को आवेदन शुल्क का भुगतान नहीं करना है, उन्हें इस प्रपत्र को सफलतापूर्वक सबमिट करने के पश्चात ऑनलाइन भुगतान के लिए निर्देशित किया जाएगा।

चरण-4 आवेदन शुल्क का भुगतान (यदि शुल्क लागू हो)

केवल सामान्य/ आर्थिक रूप से कमजोर/ अन्य पिछड़ा वर्ग के पुरुष अभ्यर्थियों को ही रु. 100/- की गैर-वापसीयोग्य राशि तथा उस पर देय बैंक प्रभार के आवेदन शुल्क का भुगतान करना है। आवेदन शुल्क का भुगतान केवल दिनांक 05/06/2024 (1000 बजे से) से दिनांक 25/06/2024 (1700 बजे तक) के बीच किसी भी दिन किया जा सकता है।

अनु.जा./ज.जा., शारीरिक निशक्तता वाले अभ्यर्थियों, पूर्व सैनिक, डीओडीपीकेआईए, महिला अभ्यिर्थियों व एनपीसीआईएल कर्मचारियों को आवेदन शुल्क के भुगतान से छूट प्राप्त है।

अभ्यर्थियों को डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/ नेट-बैंकिंग/यूपीआई आदि के माध्यम से आवेदन प्रपत्र के साथ एकीकृत पेमेंट गेटवे द्वारा ऑनलाइन भुगतान करना है।

ऑनलाइन शुल्क भुगतान जमा करने के बाद कृपया **सर्वर से सूचना प्राप्ति की प्रतीक्षा करें। दुबारा भुगतान से बचने के लिए कृपया बैक या रिफ्रेश बटन न दबाएं।** अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि लेन-देन पूरा होने के उपरांत, उनके क्रेडेंशियल का प्रयोग करते हुए पुन: लॉगइन करें और अपने भुगतान की स्थिति देखें। यदि भुगतान विफल रहा हो तो, आवेदन को निरस्त किए जाने से बचने के लिए इस प्रक्रिया को फिर से करें।

आवेदन का भुगतान सफलतापूर्वक पूरा किए जाने के बाद, आवेदन संख्या तैयार हो जाएगी।

परामर्श है कि, लेन-देन से संबंधित अपनें डाटा की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लेन-देन पूरा होने के उपरांत ब्राउज़र विंडो को बंद कर दें।

भुगतान का अन्य कोई तरीका स्वीकार नहीं किया जाएगा। कम शुल्क का भुगतान करने वाले या विहित माध्यम के अलावा किसी अन्य किसी माध्यम से भुगतान करने वाले आवेदकों की उम्मीदवारी निरस्त कर दी जाएगी। अपात्र अभ्यर्थियों द्वारा भुगतान किया गया आवेदन शुल्क जब्त कर लिया जाएगा और इस संबंध में कोई पत्र-व्यवहार नहीं किया जाएगा। आवेदन शुल्क जमा किए जाने के बाद इसे किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं किया जाएगा। अत:, अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि आवेदन शुल्क का भुगतान करने से पहले अपनी पात्रता की पुष्टि कर लें।

h. ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया केवल उपर्युक्त सभी चरणों को पूरा करने के उपरांत ही पूर्ण होगी। इसके पश्चात अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र को देख/प्रिंट कर सकते हैं।

i. अभ्यर्थी द्वारा 'ऐप्लीकेंट लॉग-इन' लिंक के माध्यम से अपने आवेदन की स्थिति की जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

j. अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि कृपया अपने ई-मेल लॉग-इन आईडी व पासवर्ड को नोट कर लें क्योंकि उन्हें अपने आवेदन की जानकारी के लिए इस लॉग-इन की सहायता से वेबसाइट पर लॉग-इन करना होगा। अभ्यर्थी को आवेदन संख्या युक्त एक ईमेल भी प्रेषित की जाएगी।

k. योग्यता अंक प्रतिशत वाले कॉलम में अंको का सटीक प्रतिशत लिखा जाना चाहिए और अंकों को राउन्ड ऑफ नहीं किया जाना चाहिए। उदाहरणार्थ, 49.99% को इसी प्रकार लिखा जाए और इसे **50%** के रूप में नहीं लिखा जाएगा।

For more job news visit : www.kpscvaani.com

l. परीक्षा के लिए वेबसाइट पर ई-प्रवेशपत्र की उपलब्धता की जानकारी, आवेदकों को ईमेल व एसएमएस (यदि सक्रिय मोबाइल नंबर दिया गया हो) के माध्यम से दी जाएगी। इसी प्रकार, यदि चरण-3 कौशल परीक्षा के लिए उन्हें शार्टलिस्ट किया गया/बुलाया गया तो आवेदकों को ईमेल और एसएमएस के माध्यम से 'ई-काल लेटर' की वेबसाईट पर ऑनलाइन उपलब्धता के बारे में सूचित किया जाएगा। ऑनलाइन परीक्षा/ कौशल परीक्षा के समय और स्थान की सूचना 'ई-प्रवेश पत्र/ई-बुलावा पत्र में उपलब्ध होगी। अभ्यर्थी अपने 'अप्लीकेंट लॉग-इन' की सहायता से लॉगइन कर सकते हैं व इसे प्रिंट कर सकते हैं। अभ्यर्थी को अपने परीक्षा/ कौशल परीक्षा के स्थान पर स्वच्छ एवं स्पष्ट रूप से प्रिंट किया हुआ 'ई-प्रवेश-पत्र/ बुलावा पत्र' अवश्य ले जाना है, जिसके बगैर उन्हें ऑनलाइन परीक्षा/ कौशल परीक्षा में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

m. आवेदकों को ऑनलाइन पंजीकरण के लिए अपनी फोटो व हस्ताक्षरों को स्कैन करके तैयार रखना चाहिए ताकि इन्हें ऑनलाइन पंजीकरण के समय अपलोड किया जा सके।

n. कृपया नोट करें कि वैध फोटो व हस्ताक्षर के बगैर, **'ऑनलाइन एप्लीकेशन फॉर्म'** स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

o. **आवश्यक :**

➢ चार चरणीय प्रक्रिया :

I. पंजीकरण
II. एक्टीवेशन
III. अभ्यर्थी विवरण भरें, हस्ताक्षर, फोटो अपलोड करें व एप्लीकेशन सबमिट करें।
IV. शुल्क का भुगतान करें (यदि शुल्क लागू हो तो)।

15.0 ऑनलाइन परीक्षा/कौशल परीक्षा के लिए शार्टलिस्ट किए गए आवेदकों के पास **ऑनलाइन परीक्षा/कौशल परीक्षा हेतु उपस्थित होते** समय निम्नलिखित दस्तावेज अनिवार्यत: होने चाहिए :

- पैन कार्ड/ ड्राइविंग लाइसेंस/ आधार कार्ड/ वोटर आईडी/कॉलेज आई डी/ सरकार द्वारा जारी पहचान पत्र।
- "बुलावा पत्र" की फोटोग्राफ सहित एक स्पष्ट प्रिंटेड आउटपुट।
- पूर्ण ऑन-लाइन आवेदन प्रपत्र का एक स्पष्ट प्रिंटेड आउटपुट।
- शैक्षिक योग्यता (डिग्री प्रमाणपत्र व अंक-पत्र दोनों), अनुभव, जाति/वर्ग, जन्म-तिथि प्रमाणपत्र, आदि के समर्थन में प्रमाणपत्रों की स्व-सत्यापित प्रतियों का एक सैट।
- ऊपर लिखे गए सभी दस्तावेजों की मूल प्रतियां।

16.0 **सामान्य शर्तें :**

a) केवल 21 वर्ष और उससे अधिक की आयु पूरा करने वाले **भारतीय नागरिक** ही आवेदन करने के पात्र हैं।

b) आवेदन करने से पहले, आवेदक को सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि वे जिस पद के लिए आवेदन कर रहे हैं, उससे संबंधित सभी पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं। यदि अभ्यर्थी पात्र नहीं है, तो उसकी अभ्यर्थिता भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण पर निरस्त कर दी जाएगी। यदि अभ्यर्थी चयन-प्रक्रिया में योग्य पाया जाता है और बाद में यह पाया जाता है कि वह पात्रता मानदंड को पूरा नहीं करता, तो उसकी अभ्यर्थिता निरस्त कर दी जाएगी और यदि नियुक्ति हो जाती है, तो बिना किसी सूचना अथवा प्रतिपूर्ति के उसकी सेवाएं समाप्त कर दी जाएंगी।

c) यदि आवेदक एक से अधिक पद पर आवेदन करने के लिए पात्र है और एक से अधिक पदों पर आवेदन करने के इच्छुक हैं, तो उन्हें पृथक आवेदन शुल्क के साथ, प्रत्येक पद के लिए पृथक रूप से आवेदन करना होगा।

For more job news visit : www.kpscvaani.com

तथापि, यदि लिखित/ऑनलाइन परीक्षा एक ही सत्र में आयोजित होती है तो, वे अपनी पसंद के किसी एक पद की परीक्षा में ही भाग ले सकेंगे।

d) अभ्यर्थी द्वारा एक ही पद हेतु बहुल/डुप्लीकेट आवेदन की स्थिति में केवल अद्यतन आवेदन पर ही विचार किया जाएगा।

e) अधिकतम आयु सीमा की गणना के लिए कटऑफ तारीख-, ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तारीख जो कि 25/06/2024 है, होगी।

f) ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र में वर्ग (एससी/एसटी/ओबीसी(एनसीएल)/ईडब्ल्यूएस/पीडब्ल्यूबीडी) भर दिए जाने के बाद इसे बदला नहीं जाएगा और विहित प्रमाणपत्र उपलब्ध न होने के कारण वर्ग में परिवर्तन के किसी अनुरोध पर बाद में विचार नहीं किया जाएगा। तदनुसार, बाद में अन्य वर्ग के लाभ देय नहीं होंगे।

g) एनपीसीआईएल में सेवारत इच्छुक एवं पात्र कर्मचारीगण ऑनलाइन आवेदन करने के पश्चात उसका प्रिंटआउट लें व इसे उचित माध्यम द्वारा अग्रेषित करें।

h) जिन आवेदकों को आवेदन शुल्क का भुगतान करना है उनके शुल्क यदि एनपीसीआईएल के खाते में दिनांक 25/06/2024 (1700 hrs) तक या इससे पहले प्रभारित नहीं होते हैं तो उनके आवेदन निरस्त कर दिए जाएंगे।

i) अभ्यर्थी की नियुक्ति उपयुक्त प्राधिकारियों द्वारा जाति/जनजाति प्रमाणपत्रों के सत्यापन और अन्य प्रमाणपत्रों के सत्यापन किए जाने तक अनंतिम रहेगी। यदि उपर्युक्त सत्यापन से यह पता चलता है कि एससी/एसटी/ओबीसी(एनसीएल)/पीडब्ल्यूबीडी वर्ग का होने से संबंधित अभ्यर्थी का दावा और अन्य प्रमाणपत्र गलत हैं, तो बिना कोई कोई कारण बताए उनकी सेवाएं तत्काल समाप्त की जा सकतीं हैं। इस प्रकार के गलत जाति प्रमाणपत्रों/प्रमाणपत्रों को प्रस्तुत करने पर, जैसा उचित समझा जाएगा, एनपीसीआईएल, अभ्यर्थी के विरुद्ध वैसी आगे की कार्रवाई करने का अधिकार भी अपने पास सुरक्षित रखता है।

j) विहित आवश्यक योग्यता न्यूनतम है और मात्र ऐसी योग्यता होना ही अभ्यर्थी को ऑनलाइन परीक्षा/कौशल परीक्षा हेतु बुलाए जाने और/अथवा नियुक्ति का हक प्रदान नहीं करता है।

k) सहायक ग्रेड-1 (एचआर/एफ एण्ड ए/सी एण्ड एमएम) के सभी पदों के लिए प्रश्नपत्र तीन भाषाओं, अर्थात हिंदी, अंग्रेजी व मराठी में होंगे।

l) परीक्षा हॉल के भीतर किसी प्रकार के इलेक्ट्रानिक गैजेट्स जैसे मोबाइल फोन, इलेक्ट्रानिक कलाई घड़ी, घड़ी फोन, मल्टीमीडिया घड़ियां, पेजर्स, कैलकुलेटर्स, पेन स्कैनर्स या इसी प्रकार की अन्य इलेक्ट्रानिक डिवाइसेस ले जाना अनुमन्य नहीं है। इन निर्देशों की कोई अवहेलना किए जाने पर अभ्यर्थी की उम्मीदवारी निरस्त कर दी जाएगी।

m) सभी योग्यताएं यूजीसी/एआईसीटीई के उपयुक्त सांविधिक प्राधिकारी द्वारा मान्यता प्रदत्त विश्वविद्यालय/संस्थान से होनी चाहिए। मान्यता संबंधी जानकारी उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी केवल अभ्यर्थी की है।

n) अभ्यर्थी को परीक्षा हेतु प्रवेश उनके द्वारा ऑनलाइन आवेदन में भरी गई जानकारी के आधार पर दिया जाएगा। अत: वे सुनिश्चित कर लें कि वे पात्रता की सभी शर्तों को पूरा करते हैं। यदि बाद के चरणों में पाया जाता है कि अभ्यर्थी द्वारा भरी गई जानकारी झूठी है या अभ्यर्थी पात्रता की किसी शर्त को पूरा नहीं करते हैं तो, ऐसे अभ्यर्थी की उम्मीदवारी निरस्त कर दी जाएगी और इस संबंध में कोई पत्र-व्यवहार नहीं किया जाएगा।

For more job news visit : www.kpscvaani.com

o) चरण-3 कौशल परीक्षा के समय ऑनलाइन आवेदन की हस्ताक्षरित हार्ड प्रति के साथ ही, विज्ञापन में किए गए उल्लेख के अनुरूप मूल दस्तावेज (सत्यापन हेतु) व उनकी स्व-सत्यापित प्रतियां प्रस्तुत की जानी हैं। यदि कौशल परीक्षा के समय आवश्यक प्रमाणपत्र/दस्तावेज उपलब्ध न कराए गए तो अभ्यर्थी को चरण-3 कौशल परीक्षा में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

p) केंद्रीय/राज्य सरकार/पीएसयू/स्वायत्त शासी निकाय/सहायता प्राप्त संस्थानों में कार्यरत अभ्यर्थियों को, कौशल परीक्षा/दस्तावेज सत्यापन के समय उनके संगठन का **''अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी)''** प्रस्तुत करना होगा। ऐसा न कर पाने पर उन्हें चरण-3 कौशल परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

q) एनपीसीआईएल के पास, बगैर किसी पूर्व नोटिस/ कोई कारण बताए किसी भी चरण में सभी पदों को भरने या पदों की संख्या में परिवर्तन करने या यहां तक कि भर्ती की इस पूरी प्रक्रिया को निरस्त करने/निलंबित करने/आगे बढ़ाने/ परिवर्तित करने व साथ ही भर्ती मानदण्डों में परिवर्तन करने का सर्वाधिकार सुरक्षित है। किसी अप्रत्याशित घटना की स्थिति में जहां कहीं आवश्यक हो, प्रबंधन, स्विवेक से ऑनलाइन परीक्षा/कौशल परीक्षा का पुन: आयोजन कर सकता है। यदि विज्ञापन में दर्शाई गई रिक्तियों की संख्या में कोई कमी की जाती है या यहां तक कि इसे शून्य कर दिया जाता है तो भी निगम इसके परिणामों के आधार पर आवेदक को किसी क्षति/नुकसान के लिए क्षतिपूर्ति देने के लिए बाध्य नहीं है।

r) ऑनलाइन परीक्षा/कौशल परीक्षा (जहां कहीं लागू हो) के लिए आबंटित परीक्षा केंद्र, तारीख व समय में परिवर्तन के किसी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा। ऑनलाइन परीक्षा/कौशल परीक्षा के लिए स्वविवेकानुसार परीक्षा केंद्र के आबंटन का एनपीसीआईएल का अधिकार सुरक्षित है जिसकी सूचना अभ्यर्थी को ई-मेल और/अथवा एसएमएस के माध्यम से दी जाएगी और इस संबंध में इसके बाद किसी परिवर्तन अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

s) परीक्षा/कौशल परीक्षा के लिए ई प्रवेश पत्र/ई बुलावा पत्र जारी किया जाना विज्ञापित पद पर नियुक्ति के किसी अधिकार/दावे का सृजन नहीं करता है। अंतिम चयन पूर्णरूपेण मेरिट आधारित होगा और यह सभी अर्हता दशाओं को पूरा किए जाने, विहित चयन प्रक्रिया को सफलतापूर्वक उत्तीर्ण किए जाने और इसके बाद, लोक सेवाओं में एससी/एसटी/ओबीसी (एनएलसी)/ईडब्ल्यूएस/पीडब्ल्यूबीडी के लिए भारत सरकार के आरक्षण व रियायतों के दिशानिर्देशों के विषयाधीन होगा।

t) उपयुक्त अभ्यर्थी न पाए जाने पर अभ्यर्थी का चयन न किए जाने का एनपीसीआईएल का अधिकार सुरक्षित है।

u) एनपीसीआईएल में अभ्यर्थी की नियुक्ति विहित प्राधिकारी द्वारा चरित्र एवं पूर्ववृत्त तथा विशेष सुरक्षा प्रश्नावली के संतोषप्रद सत्यापन पर निर्भर करता है।

v) ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र में दर्ज मोबाइल नंबर व ई-मेल आईडी कम से कम एक वर्ष तक सक्रिय रखी जानी चाहिए। एक बार दर्ज किए जाने के बाद ई-मेल आईडी को बदलने की अनुमति नहीं होगी। भविष्य के सभी पत्राचार केवल इसी ई-मेल आईडी के माध्यम से ही किए जाएंगे।

w) अंग्रेजी संस्करण के अतिरिक्त किसी अन्य भाषा के विज्ञापन के निर्वचन में किसी प्रकार का संदेह या विवाद होने की स्थिति में केवल अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

x) किसी विवाद की स्थिति में, न्यायिक क्षेत्र मुंबई होगा।

y) यदि भर्ती प्रक्रिया अथवा इसके बाद के किसी चरण के दौरान यह पाया जाता है कि, आवेदक :

For more job news visit : www.kpscvaani.com

i. ने गलत जानकारी उपलब्ध कराई है या झूठे दस्तावेज प्रस्तुत किए हैं या,
ii. ने प्रासंगिक जानकारी को छुपाया है, या,
iii. ने इस भर्ती की पात्रता की शर्तों को पूरा नहीं किया है, या
iv. ने चयन प्रक्रिया के दौरान अवांछित तरीकों का प्रयोग किया है या,
v. को प्रतिरूपण का दोषी पाया गया है या,
vi. ने अशांति फैलाने वाला आचरण किया है जिससे परीक्षा केंद्र अथवा साक्षत्कार स्थान पर लिखित/ ऑनलाइन परीक्षा को शांतिपूर्ण ढंग से पूरा किया जाना प्रभावित हुआ है
vii. ने असामान्य या अप्रासंगिक फोटोग्राफ अपलोड किया है तो,

तो, उसे अयोग्य घोषित किया जा सकता है, उसके विरुद्ध दण्ड प्रक्रिया अपनाई जा सकती है और उसे एनपीसीआईएल में किसी भी प्रकार की नियुक्ति से वंचित किया जा सकता है तथा उसके आवेदन/नियुक्ति को तत्काल प्रभाव से रद्द/निरस्त कर दिया जाएगा।

z) इस विज्ञापन के माध्यम से आवेदन करने वाले अभ्यर्थीगण अद्यतन जानकारी के लिए कृपया समय समय पर एनपीसीआईएल के वेब पोर्टल पर विजिट करते रहें। **किसी भी प्रकार की टेलीफोन कॉलकिसी / दिया जाएगा। करने के लिए किसी भी प्रकार के संप्रेषण का जवाब नहींप्राधिकारी से जानकारी प्राप्त**

aa) चयनित न होने वाले अभ्यर्थियों के रिकार्ड चयन सूची प्रकाशित किए जाने की तारीख से 06 माह से अधिक अवधि के लिए संरक्षित नहीं किए जाएंगे।

bb) **किसी भी रूप में सिफारिश को अयोग्यता माना जाएगा।**

17.0 **हमसे संपर्क करने का तरीका :**

- आवेदक किसी भी पूछ-ताछ के लिए कृपया 'कान्टेक्ट अस' लिंक पर सबमिट कर सकते हैं।
- केवल दिनांक 05/06/2024 (1100 बजे से) दिनांक 25/06/2024 (1300 बजे तक) के दौरान की जाने वाली पूछताछ का ही प्रत्युत्तर दिया जाएगा।
- इस विहित अवधि के दौरान भी केवल सहायक ग्रेड-1 (एचआर/एफएण्डए/सी एण्ड एमएम) की भर्ती से संबंधित वैध सवालों के ही जवाब दिए जाएंगे।

इसके बाद कोई अन्य जानकारी/शुद्धिपत्र/परिशिष्ट आदि केवल www.npcil.nic.in तथा www.npcil-careers.co.in और पर ही अपलोड किया जाएगा। कृपया इन वेब पोर्टल पर विजिट करते रहें।

एनपीसीआईएल, स्त्री-पुरुष समानता वाला कार्यबल सृजित करने के लिए सदैव प्रयत्नशील है एवं महिला आवेदकों से आवेदन के लिए विशेष आग्रह किया जाता है।

न्यूक्लियर विद्युत - स्वच्छ एवं संधारणीय भविष्य प्रदाता

For more job news visit : www.kpscvaani.com

न्यूक्लियर पॉवर कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
NUCLEAR POWER CORPORATION OF INDIA LIMITED
(भारत सरकार का उद्यम A Government of India Enterprise)
मानव संसाधन निदेशालय Directorate of Human Resource
विक्रम साराभाई भवन, Vikram Sarabhai Bhavan,
अणुशक्ति नगर Anushakti Nagar, मुंबई Mumbai-400 094
सी आई एन CIN : U40104MH1987GOI149458
Website : **www.npcil.nic.in**

Detailed Advertisement for Recruitment of ASSISTANT GRADE-1 (HR/F&A/C&MM)

Advertisement No NPCIL/HQs/HRM/2024/03

OPENING DATE FOR SUBMISSION OF ONLINE APPLICATION	**05/06/2024 from 10:00 hrs**
LAST DATE FOR SUBMISSION OF ONLINE APPLICATION	**25/06/2024 till 17:00 hrs**

NPCIL, a premier Central Public Sector Enterprise (CPSE) under the Administrative Control of the Department of Atomic Energy, Government of India having comprehensive capability in all facets of Nuclear Technology viz. Site Selection, Design, Construction, Commissioning, Operation, Maintenance, Renovation, Modernization & Upgradation, Plant Life Extension, Waste Management and Decommissioning of Nuclear Reactors in India under one roof, invites online applications from the eligible Indian Citizens for the following posts for HQs, Mumbai, Maharashtra to share these challenging spectrum of responsibilities.

1.0 **Break-up of vacancies:**

1.1 Post & Category wise break-up of Current Vacancies

Sl. No	Name of the Post	Vacancies	UR	EWS	SC	ST	OBC (NCL)	Total
1.	Assistant Grade-1 (HR)	Current	13	02	02	03	09	29
		Backlog	NA	NA	0	0	0	
2.	Assistant Grade-1 (F&A)	Current	08	01	02	01	05	17
		Backlog	NA	NA	0	0	0	
3.	Assistant Grade-1(C&MM)	Current	05	01	01	01	04	12
		Backlog	NA	NA	0	0	0	
		Abbreviations:	UR-Unreserved EWS-Economically Weaker Section SC-Scheduled Caste ST- Scheduled Tribe OBC(NCL)-Other Backward classes(Non Creamy Layer) NA-Not Applicable					

For more job news visit : www.kpscvaani.com

1.2 Out of the 58 vacancies for Assistant Grade-1 (HR/F&A/C&MM), break up of PwBD vacancies is as under:-

Group	Category of disability	Number of vacancies reserved for PwBD	
		Current vacancies	Backlog vacancies
Group C (Assistant Grade-1)	(a)	1	NA
	(b)	1	NA
	(c)	1	NA
	(d) & (e)	0	NA

2.0 **Reservation for Persons with Benchmark Disabilities (PwBDs) :**

2.1 The posts identified for PwBD's are as under:

Gr.	Post	Categories				
		(a)	(b)	(c)	(d)	(e)
